संपादकीय

सरकार तुरंत दे ध्यान

क्रिप्टो का कारोबार एक पॉन्जी स्कीम से ज्यादा कुछ नहीं है। आरबीआई को इस बात का श्रेय देना होगा कि वह वर्षों से क्रिप्टो करेंसी को लेकर सदेह प्रकट करता रहा है। अब उसने उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक खतरा बताते हुए उस पर प्रतिबंध की मांग की है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रिप्टो करेंसी के खतरे से सही समय पर आगाह किया है। उसने कहा है कि क्रिप्टो की वजह से अगला वित्तीय संकट आ सकता है। बैंक ने क्रिप्टो पर प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की है। अब चूकि ये मांग आरबीआई की तरफ से आई है, तो सरकार को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। अब तक के अनुभव से यह साफ हो गया है कि क्रिप्टो का कारोबार एक पॉन्जी स्कीम से ज्यादा कुछ नहीं है। इसमें लाखों लोग अपना धन गंवा चुके हैं। आरबीआई को इस बात का श्रेय देना होगा कि वह वर्षों से क्रिप्टो करेंसी को लेकर सदेह प्रकट करता रहा है। अब हालिया घटनाओं के आधार पर उसने उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक खतरा बताते हुए उस पर प्रतिबंध की मांग की है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि हाल ही में एफटीएक्स जिस तरह से बर्बाद हुआ, वह क्रिप्टो में निहित जोखिम का सबूत है। दास ने एक कार्यक्रम में कहा- दूसरे अन्य उत्पादों से अलग क्रिप्टो को लेकर हमारी मुख्य चिंता यह है कि बुनियादी रूप से इसकी कोई कीमत नहीं है। हमारा मानना है कि इसे प्रतिबधित कर देना चाहिए क्योंकि। अगर आप इसके विनियमन की कोशिश करेंगे और इसे बढ़ने देंगे तो, मेरे शब्दों पर ध्यान दीजिये: अगला वित्तीय संकट निजी क्रिप्टो करंसी की वजह से आएगा। अब इससे ज्यादा साफ चेतावनी और क्या हो सकती है? भारतीय बाजार में क्रिप्टोकरंसी का प्रवेश करीब एक दशक पहले हुआ था। तब से भारतीय नियामकों की इस पर नजर रही है। 2018 में धोखाधड़ी के कई मामलों के बाद रिजर्व बैंक ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया था। दो साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने यह प्रतिबंध हटवाया और उसके बाद बाजार में उछाल आया। 2022 में इस कारोबार में होने वाले लाभ पर सरकार ने 30 प्रतिशत टैक्स लगा दिया। यानी एक तरह से इस कारोबार को कानूनी मान्यता दे दी गई। एफटीएक्स घोटाले के बाद यह व्यापार घट कर अपने पहले के आकार के दसवें हिस्से के बराबर रह गया है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापार समझौता प्रभावी, पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार हो सकता है दोगुना

नई दिल्ली । भारतीय उद्योग जगत भारत आस्ट्रेलिया व्यापार समझौते के प्रभावी होने से उत्साहित है और उसे पूरा यकीन है कि पांच साल में दोनों देशों के बीच व्यापार 45 अरब डालर तक पहुंच जाएगा। यह व्यापार के वर्तमान स्तर का दो गुना होगा।

प्रमुख उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (भारत-आस्ट्रेलिया एक्टा) के क्रियान्वयन से माल और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार पांच वर्षों में दो गुना हो कर 45 अरब अमेरिकी डालर तक जा सकता है।

समझौते के त्वरित समापन के लिए दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों को बधाई देते हुए, सीआईआई ने कहा कि 29 दिसंबर 2022 से लागू होने जा रहे भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया के बाजार में माल शून्य-शुल्क पर भेजने की छूट तुरंत उपलब्ध होगी।

सीआईआई की निर्यात-आयात समिति के अध्यक्ष और पैटन इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजय बुधिया ने कहा, ऑस्ट्रेलिया और भारत रणनीतिक और आर्थिक भागीदारों के रूप में तेजी से एक साथ काम कर रहे हैं। भारत ऑस्ट्रेलिया एकटा एक नयी राह खोलने वाला समझौता है जिससे दोनों देशों में उद्योगों को विशाल अप्रयुक्त क्षमताओं को भुनाने का मौका मिलेगा।

श्री बुधिया ने कहा कि न केवल इस समझौते से निवेश, बाजार में आसन प्रवेश, अतिरिक्त रोजगार सृजित करने की उम्मीद है बल्कि यह भारत-प्रशांत क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण देशों के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने वाला है। इस समझौते के तहत ऑस्ट्रेलिया ने अपने यहां आयात होने वाले सभी प्रकार के उत्पादों में से 98.3 प्रतिशत पर शुल्क पहले दिन से शून्य कर दिया है तथा शेष 1.7 प्रतिशत पर धीरे-धीरे पांच वर्षों में भारत को शून्य शुल्क पर निर्यात करने का लाभी मिलने लगेगा।

भारत अपने यहां आयात होने वाले उत्पवादों में से 70.3 प्रतिशत के लिए ऑस्ट्रेलिया को शून्य-शुल्क पर प्रवेश देगा। इनमें से 40.3 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क पहले दिन से और शेष 30 पर चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। भारत ने कोयले, एल्यूमिना कैलक्लाइंड, मैंगनीज अयस्क, कॉपर कॉन्संट्रेट, बॉक्साइट, भेड़ का मांस, रॉक लॉबस्टर, मैकाडामिया नट्स, चेरी और ऊन पर शून्य शुल्क पहुंच की पेशकश की है।

सीआईआई ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया से स्टील और एल्युमीनियम सहित कई क्षेत्रों को सस्ता कच्चा माल उपलब्ध कराने के अलावा, ईसीटीए ऑस्ट्रेलिया से निवेश बढ़ाने की सुविधा भी देगा और भारतीय विनिर्माण का समर्थन करेगा।

भारत के लिए श्रम-गहन क्षेत्रों के उत्पादों में फायदा होगा जिन पर वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में 4-5 प्रतिशत का शुल्क लगता है। इनमें कपड़ा और परिधान, चमड़ा और जूते, फर्नीचर, खेल के सामान, आभूषण, मशीनरी, रेलवे वैगन और चुनिंदा कृषि और समुद्री उत्पाद तत्काल लाभान्वित होंगे।

कोलकाता में भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवधन परिषद (ईईपीसी) के क्षेत्रीय निदेशक बी डी अग्रवाल ने भी कहा कि आस्ट्रेलिया के साथ उदार व्यापार के समझौते से स्टील, एल्युमिनियम और अन्य क्षेत्रों को मिलाकर पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार 45-50 अरब डालर तक पहुंच जाएगा।

नोएडा एसईजेड के विकास आयुक्त बिपिन मेनन ने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया का छठा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। ऑस्ट्रेलिया के साथ वस्तुओं और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार 2021-22 में 106.5 प्रतिशत की छलांग के साथ 25.04 अरब डॉलर तक पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया में भारत का इंजीनियरिंग निर्यात 54.9 प्रतिशत बढक़र 2021-22 में 1.24 अरब डालर रहा। यह दोनों देशों के पारस्परिक संबंधों के महत्व को रेखांकित करता है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि पांच साल के भीतर आस्ट्रेलिया के साथ माल में द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक और सेवाओं में व्यापार 15 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा।

कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया के महावाणिज्य दूतावास रोवन एन्सवर्थ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया-भारत आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता ऑस्ट्रेलियाई निर्माताओं को उनकी आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन को मजबूत करने, व्यापार विविधीकरण को बढ़ाने और आपूर्ति श्रृंखला जोखिमों को दूर करने में मदद करेगा, जबकि हमारे दोनों पूरक को बेहतर ढंग से जोड़ेंगे।

विदेश व्यापार उप-महानिदेशक कोलकाता, आनंद मोहन मिश्रा ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत-ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय संबंधों ने परिवर्तनकारी विकास के नए आयाम तय किए हैं।

बहुत सारे यूजर्स के लिए बंद हुआ ट्विटर, सोशल मीडिया पर लगी शिकायतों की भरमार

न्यूयॉर्क। ट्विटर एक बार फिर डाउन हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूजर्स को ट्विटर के वेब वर्जन में साइन-इन करने में परेशानी हो रही है। कुछ यूजर्स ने कहा कि वेब वर्जन में साइन-इन करने पर उन्हें एरर का मेसेज दिख रहा है। वेबसाइट्स के आउटेज को ट्रैक करने वाले प्लैटफॉर्म डाउन डिटेक्टर ने ट्विटर के डाउन होने की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि ट्विटर में आई इस गड़बड़ी के बारे में करीब 10 हजार यूजर्स ने शिकायत की है। नेटब्लॉक्स ने भी अपने ट्वीट में ट्विटर के डाउन होने की बात कही। नेटब्लॉक्स ने कहा कि ट्विटर इस वक्त इंटरनैशनल आउटेज झेल रहा है। इस गड़बड़ी के कारण यूजर्स को मोबाइल ऐप सही ढंग से काम नहीं कर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि आउटेज के कारण मोबाइल ऐप में ट्विटर के नोटिफिकेशन भी नहीं आ रहे हैं। दुनिया भर में कई यूजर्स के लिए जहां ट्विटर डाउन था, लेकिन एलन मस्क आराम से ट्वीट कर पा रहे थे। ट्विटर सही काम कर रहा है यह बताने के लिए मस्क ने एक यूजर्स को 'वर्क फॉर मि' का रिप्लाइ भी दिया।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने नेक्सस मॉल्स और सिक्योर पार्किंग के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) ने आज रियल एस्टेट रिटेल प्लेटफॉर्म, नेक्सस मॉल्स के साथ साझेदारी करने की घोषणा की।

यह साझेदारी पेटीएम के ग्राहकों को फ़ास्टैग का इस्तेमाल कर नेक्सस के विभिन्न मॉल में कार पार्किंग के लिए सुविधाजनक भुगतान को सरल बनाने के लिए की गई है। इस सुविधा के बाद, मॉल में जाने वाले यूजरों को पार्किंग लॉट में लम्बी कतार में इन्तजार नहीं करना पड़ेगा और वे फ़ास्टैग की मदद से डिजिटल भुगतान कर सकेंगे।

बैंक ने पूरे देश में नेक्सस ग्रुप के तहत सम्पूर्ण नेक्सस मॉल्स पोर्टफोलियो में विभिन्न लोकप्रिय मॉल्स में डिजिटल पार्किंग को सक्रिय किया है। इनमें नेक्सस फोरम शान्तिनिकेतन, नेक्सस वाइटफील्ड, बेंगलुरु में नेक्सस कोरामंगला, मुंबई में नेक्सस सीवुड्स, इंदौर में नेक्सस इंदौर सेंट्रल, ट्रेजर आइलैंड मॉल, नेक्सस अमृतसर, और नेक्सस अहमदाबाद वन शामिल हैं।

बैंक भारत के अनेक राज्यों में अस्पतालों, हवाईअड्डों और विभिन्न नगर निगमों में पार्किंग एरिया के लिये इसी प्रकार के डिजिटल भुगतान समाधानों को लागू करने के लिए विभिन्न हितधारकों से भी बातचीत कर रहा है।

पेटीएम फ़ास्टैग ने अपने इंसर्टेंट ऐक्टिवेशन और बेहतर कस्टमर केयर सपोर्ट की बदौलत लोकप्रियता हासिल की है। यह यूजरों को रिचार्ज के लिए कोई अलग अकाउंट क्रिएट करने की ज़रुरत के बगैर सीधे पेटीएम वॉलेट से भुगतान करने की क्षमता भी प्रदान करता है।

विश्वकप जीतने पर हरमनप्रीत ब्रिगेड होगी मालामाल

नई दिल्ली । अगले महीने ओडिशा में होने वाले हाकी के महाकुंभ यानी एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 में भारतीय टीम को प्रोत्साहित करने के लिये हाकी इंडिया ने नगद पुरस्कारों की घोषणा की है।

भारतीय टीम यदि विश्वकप का स्वर्ण पदक जीतती है तो टीम के प्रत्येक सदस्य को 25 लाख रूपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को पांच पांच लाख रूपये मिलेंगे। भारत ने आखिरी बार 1975 में विश्व कप का खिताब जीता था। मलेशिया के कुआलालंपुर में फाइनल में उसने पाकिस्तान को हराकर प्रतिष्ठित खिताब जीता था।

हरमन ब्रिगेड अगर विश्वकप के फाइनल में हारती भी है, फिर भी हर खिलाड़ी को 15 लाख और सहयोगी स्टाफ को तीन लाख का नगद पुरस्कार दिया जायेगा जबकि कांस्य पदक की उपलब्धि पर हर खिलाड़ी 10 लाख रुपये से सम्मानित किया जाएगा, जबकि सहायक कर्मचारी दो लाख रुपये के पुरस्कार के हकदार होंगे।

यह निर्णय हॉकी इंडिया के कार्यकारी बोर्ड ने पिछली 24 दिसंबर को एक आभासी बैठक में लिया जिसका मकसद टीम के मनोबल को और बढ़ाने का था। विश्वकप में दुनिया की 16 शीर्ष टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा घरेलू विश्व कप में पदक जीतना निश्चित रूप से खिलाडियों के लिए उनके सजे हुए करियर की सबसे अच्छी यादों में से एक होगा। हम उन्हें एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला के लिए शुभकामनाएं देते हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम देश का गौरव है और हम चाहते हैं कि वे इस खेल में सभी संभव ऊंचाइयों को छूएं।

इसे हासिल करने में उनकी मदद करने और इस लक्ष्य के प्रति उन्हें और प्रेरित करने के लिए हमने टीम के लिए इस पुरस्कार की घोषणा की है। हरमनप्रीत एंड कंपनी बहुत सक्षम और प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और हमें यकीन है कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

हाकी विश्वकप के लिये छह राज्यों के मुख्यमंत्री को भेजा गया न्योता

भुवनेश्वर । ओडिशा सरकार ने 13 से 29 जनवरी के बीच भुवनेश्वर और राउरकेला में खेले जाने वाले पुरुष हाकी विश्वकप के लिये छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया है।

सूबे के खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण मंत्री अतनु सब्यसाची नायक ने चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और पुडुचेरी में पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी से मुलाकात की और व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की ओर से हॉकी विश्वकप का दीदार करने के लिये निमंत्रण पत्र दिया।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अशोक चंद्र पांडा ने दिल्ली में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी से मुलाकात की और उन्हें व्यक्तिगत रूप से पटनायक को निमंत्रण सौंपा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की। एसटी/एससी मंत्री जगन्नाथ सरका ने रांची में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें विश्व कप हॉकी में भाग लेने के लिए पटनायक का निमंत्रण सौंपा।

राज्य के वित्त मंत्री निरंजन पुजारी ने दिल्ली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और राज्य के इस्पात और खान मंत्री प्रफुल्ल मल्लिक ने पटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और उन्हें विश्व कप हॉकी के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का निमंत्रण दिया।

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने देश के सभी मुख्यमंत्रियों को विश्वकप हाकी में आमंत्रित करने का फैसला किया है।

रॉकेट गैंग 30 दिसंबर को जी5 प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज

कोरिओग्राफर बॉस्को लेस्ली मार्टिस द्वारा निर्देशित रॉकेट गैंग 11 नवंबर, 2022 को सिनमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। दर्शक पिछले महीने से इसके ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे थे और अब यह फिल्म जी5 पर दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म में आदित्य सील, निकिता दत्ता, जेसन थम, सहज सिंह चहल, मोक्षदा जेलखानी, दीपाली बोरकर, तेजस वर्मा, जयश्री गोगोई, आद्रिक मोंगिया और सिद्धांत शर्मा जैसे कलाकार हैं।

अब आप 30 दिसंबर को अपने परिवार या फिर दोस्तों के साथ रॉकेट गैंग को जी5 पर स्ट्रीम कर सकते हैं। इस फिल्म की कहानी एक डांस रियल्टी शो में भाग लेने वाले पांच बच्चों की है। फिल्म की पटकथा रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ ने दी है, जबकि सिनेमॅटोग्राफी सुनील पटेल ने की है। रॉकेट गैंग के लिए संगीत अमित त्रिवेदी ने दिया है और क्षितिज पटवर्धन, रफ्तार और तल्हा सिद्दीकी द्वारा फिल्म के गाने लिखे गए हैं।

सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी की डबल एक्सएल नेटफ्लिक्स पर हुई प्रसारित

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी की कॉमेडी फिल्म डबल एक्सएल 4 नवंबर को बड़े पर्दे पर आई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से पिट गई। अब दिग्गज स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने इसकी स्ट्रीमिंग की घोषणा कर दी है। थिएट्रिकल रिलीज के करीब दो महीने के अंदर इसे नेटफ्लिक्स पर प्रसारित कर दिया गया है। नेटफ्लिक्स के सब्सक्राइबर्स घर बैठे इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं।

डबल एक्सएल में फैट शेमिंग के

मुद्दे को दर्शकों के बीच रखा गया है। फिल्म के लिए सोनाक्षी और हुमा कुरैशी दोनों ने अपना वजन बढ़ाया था। इसका निर्देशन सतराम रमानी ने किया है। वहीं टी-सीरीज, वाकाओ फिल्म्स और मुदस्सर अजीज ने इसका निर्माण किया है।

आज का राशिफल

मेष : आज का दिन आपके लिए नए अवसर लेकर आया है। आज ख़ुद को ऊर्जा से भरा हुआ महसूस करेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन में तालमेल बनाए रखने में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र पर सभी के साथ खुशहाल माहौल बनाकर रखें।

वृष : भाग्य आपको अपने वास्तविक लक्ष्य से विपरीत दिशा की ओर ले जाने को अग्रसर है। उतावलेपन में लिया हुआ कोई भी निर्णय निश्चय ही हानि की ओर ले जाएगा, अत: कोई भी निर्णय लेते समय धैर्य बनाए रखें।

मिथुन : आज के दिन आपके लिए भाग्य और कर्म का अद्भुत संगम रहने वाला है। आज आप जो भी काम करेंगे, उसमे भाग्य का भी साथ रहेगा। आप कुछ ऐसे निर्णय लेंगे, जिसका प्रभाव आने वाले समय में बेहतर होगा।

कर्क : आज आपको बहुत अच्छे अवसर मिलेंगे लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि आप इन अवसरों में से कितना अच्छा उपयोग कर पाते हैं। यदि आप सही दिशा में काम करते हैं तो आप निश्चित रूप से आपकी प्रगति तय है।

सिंह : आज का दिन आपके लिए उत्कृष्ट रहने वाला है। आप व्यावसायिक सदर्भ में आर्थिक लाभ हासिल कर सकते है। स्थान परिवर्तन के साथ पदोन्नति के प्रबल संकेत हैं।

कन्या : आज का दिन आपके लिए मिश्रित प्रभावदायक है। इस समय आप जो भी बोलें बहुत सोच-समझ कर बोलें। कार्यस्थल पर जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें।

तुला : व्यावसायिक सदर्भ में आपका आशावादी दृष्टिकोण आपको ऊर्जावान बनाए रखने में आपकी सहायता करेगा। आपका व्यवहार दूसरों को काफी आकर्षित करेगा।

वृश्चिक : यात्राएं अधिक होने के कारण आप थके हुए हो सकते है। आपको अपने वरिष्ठों से सहायता और पुरस्कार प्राप्त हो सकते हैं। आप अपने कार्यस्थल पर प्रशंसा के पात्र रहेंगे, जो आपकी संतुष्टि को बढ़ाएगा।

धनु : यह अवधि मिश्रित प्रभाव प्रदान कर सकती है। आपके पास नए अवसर होंगे और उनका उपयोग करके आप लाभ अर्जित कर सकते है। आप आंख या कानों को प्रभावित करने वाली कुछ छोटी बीमारियों से पीड़ित हो सकते हैं।

मकर : व्यवसायी आज अपने कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रगति करेंगे। आपको अपने दोस्तों से लाभ मिल सकता है और सरकारी अफसर आपकी मदद कर सकतें हैं। आने वाले कुछ दिनों में आपकी कमाई बहुत बढ़ जाएगी।

कुंभ : आप अत्यधिक आशावादी न बनें और सतर्क रहने का प्रयास करें। तीव्र प्रगति के बावजूद आज आपको धीरे-धीरे आगे बढ़ने और व्यवस्थित रूप से काम करने की आवश्यकता है। आपको अनुशासित रहना चाहिए।

मीन : आज आपको बहुत सारे लाभ मिल सकते हैं। किन्तु यदि आप आर्थिक लाभ हेतु आसान तरीकों की तलाश करते हैं तो आप केवल बुरे परिवर्तनों को आमंत्रित कर रहे हैं। व्यापारिक गतिविधियों से आपको अच्छा लाभ मिल सकता है।

बनाएं पालक आलू टिक्की

आप शाम के नाश्ते में कुछ स्पेशल ट्राई करना चाहते हैं, तो पालक आलू टिक्की बना सकते हैं। आइए जानते हैं इसकी रेसिपी।

सामग्री :

500 ग्राम पालक, कटा हुआ प्याज, 1 चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट, 1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1 टी स्पून गरम मसाला पाउडर, एक चुटकी हल्दी पाउडर, 3-4 उबले आलू, 3 चम्मच सरसों का तेल, स्वादानुसार नमक

विधि :

- सबसे पहले प्याज और अदरक-लहसुन का पेस्ट भून लें।
-दूसरी तरफ पालक को पका लें।
- जब ये ठंडा हो जाए, तो मसले हुए उबले आलू और बेसन मिलाएं।
- मिश्रण में नमक, मसाले, प्याज और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर मिक्स कर लें। इस मिश्रण में नींबू का रस भी मिलाएं।
- अब इससे टिक्की बनाकर फ्राई कर लें।

शब्द सामर्थ्य- 296

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 295 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द	■	स	पू	त
ल	■	ब	ल	वा	न	■	■	द
म	ह	क	■	खा	म	खां	■	बी
ग्न	■	त	ल	ना	■	स	फ	र
■	म	रा	■	■	■	ना	टा	■
■	हि	■	स	■	■	■	फ	न
■	ला	ज	वा	ब	■	म	ट	र
मां	■	ग	■	सं	त	ति	■	भ
■	मा	त	ह	त	■	■	प	क्षी

सू-दोकू- 296

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.295 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1